कार्यालयः वन प्रमण्डल पदाधिकारी, जमशेदपुर वन प्रमण्डल, जमशेदपुर।

(सी० एच० एरिया रोड नं० 1, जमशेदपुर–831001)
दूरभाष संख्या– 0657–2231017, फैक्स–0657–2231017, ई–मेल– **dfo-jamshedpur@gov.in**

पत्रांकः 422 /जमशेदपुर | दिनांकः 27-02-2023.

प्रेषक,

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
जमशेदपुर वन प्रमंडल,
जमशेदपुर।

सेवा में,

श्री दीपक श्रिवास्तव,
उप–महाप्रबंधक,
हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड,
मउभण्डार, घाटशिला,
जिला– पूर्वी सिंहभूम

विषय :– मैसर्स हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड का सुरदा भूमिगत (UnderGround) खनन पट्टा क्षेत्र अन्तर्गत अवशेष (Remaining) 65.52 हे० वनभूमि अपयोजन का प्रस्ताव के संबंध में।

प्रसंग :– आपका पत्रांक HCL/ICC/DGM/Mines/SURDA/FC/2023/01 दिनांक 09.02.2023

महाशय,

उपरोक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में सूचित करना है कि विषयान्तर्गत सुरदा भूमिगत (Underground) खनन पट्टा क्षेत्र अन्तर्गत अवशेष (Remaining) 65.52 हे० वनभूमि अपयोजन का प्रस्ताव समर्पित किया गया है।

वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव निम्न अभिलेख एवं प्रतिवेदन समर्पित किया जाना अपेक्षित है :–

1. परियोजना प्रस्ताव की जाँच सूची (Check-list)।
2. प्रस्ताव में सम्मिलित वनभूमि एवं गैर वनभूमि की विस्तृत विवरणी विहित् प्रपत्र में।
3. न्यूनतम वनभूमि उपयोग से संबंधित वचन–बद्धता प्रतिवेदन।
4. क्षतिपूरक वनरोपण हेतु आवश्यक राशि भुगतान करने से संबंधित वचन–बद्धता प्रतिवेदन।
5. एन०पी०वी० (NPV) राशि भुगतान करने से संबंधित वचन–बद्धता प्रतिवेदन।
6. अतिरिक्त एन०पी०वी० (NPV)राशि भुगतान करने से संबंधित वचन–बद्धता प्रतिवेदन।
7. वनाधिकार अधिनियम 2006 के तहत् संबंधित उपायुक्त का अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं बैठक की कार्यवाही की प्रति।
8. अपयोजन हेतु प्रस्तावित वनभूमि एवं गैर वनभूमि में अवस्थित वृक्षो की गणना सूची।
9. चरणवार विस्तृत रिक्लेमेशन प्लान (Reclamation Plan) की पूर्ण विवरणी ।
10. वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव का KML File।
11. ग्राम पंचायत की आम सभा की कार्यवाही की प्रति।
12. सुरक्षा पट्टी क्षेत्र (Safety Zone Area) आकलन, घेरान एवं सुरक्षा पट्टी क्षेत्र के डेढ़गुणा अवकृष्ट वनभूमि क्षेत्र में वृक्षारोपण की राशि भुगतान करने से संबंधित नक्शा एवं वचन–बद्धता प्रतिवेदन।

13. अपयोजन हेतु प्रस्तावित वनभूमि में जंगल–झाड़ भूमि सम्मिलित हो संबंधित उपायुक्त का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रतिवेदन।

अतः अनुरोध है कि उक्त वांछित अभिलेख एवं प्रतिवेदन आठ–आठ प्रतियों में प्रमंडलीय कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित किया जाय जिससे कि प्रस्ताव के संबंध में आवश्यक अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।

आपका विश्वासी

वन प्रमंडल पदाधिकारी
जमशेदपुर वन प्रमंडल
जमशेदपुर।